# NEWSLETTER

GOLD : 50384
SILVER : 53066
CRUD OIL : 6953

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

03/09/2022

सुनहरा अवसर


इंडस्ट्री से जुड़े 40 हजार से ज्यादा लोगों तक पहुंचाए अपने बिजनेस की हर जानकारी हमारे माध्यम से पाएं अपने बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा अवसर

जानकारी के लिए संपर्क करें- 9111977771

# खतरे में है साल 2022-23 की कपास फसल

## cotton feilds in danger





Raksha Bhagat Jain | SIS

साल 2021-22 में कपास की फसल अनुमान से काफी कम आई थी, नतीजतन पूरा साल व्यापारियों के लिए चुनौतियों भरा रहा। सीजन 2022-23 में भी कुछ ऐसी ही स्थिति रहने के आसार बनते नजर आ रहे हैं। दरअसल, इस बार किसानों ने कपास की फसल तो अच्छी लगाई है लेकिन भारी बारिश और कीटों का संकट फसल पर बना हुआ है। वर्तमान में देश और विदेश दोनों ही जगह कपास की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। जानकारों का कहना है कि इस महीने फसल को कीटों और भारी बारिश से बचाना बहुत जरूरी है अन्यथा आने वाले सीजन में कम कपास का संकट व्यापार पर दोबारा पड़ सकता है।

## देश के साथ विदेशों में भी मुश्किल में है कपास

एक तरफ देश में प्रमुख कपास राज्यों में कपास की फसल खतरे में है। हरियाणा और पंजाब में पिंक बालवॅर्म और सफेद मक्खी का खतरा मंडरा रहा है वहीं तमिलनाडू में भारी बारिश के चलते 100 एकड़ से ज्यादा की कपास और मक्का फसल नष्ट हो चुकी है। जबकि दूसरी तरफ विदेशों में भी कपास की फसल को सूखे और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से खासा नुकसान पहुंचा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में बाढ़ की वजह से 45 प्रतिशत कपास की फसल बर्बाद हो सकती है। यूएस और चाइना में भी सूखा पड़ने की वजह से 20 से 30 प्रतिशत तक कपास की फसल को नुकसान पहुंच सकता है।

## इस महीने देना होगा विशेष ध्यान

हरियाणा के एक कृषि विशेषज्ञ ने कहा कि जिस तेजी से राज्य और आस-पास के इलाकों में पिंक बालवर्म फैल रहा है वह चिंता का विषय है। उन्होंने बताया यह महीना कपास फसल के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इस समय फसल को पिंक बॉलवर्म, सफेद मक्खी संक्रमण और कपास की पत्ती मरोड़ विषाणु रोग से बचाने के साथ ही पोषक तत्वों के उपयोग पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं दूसरी ओर तमिलनाडू के पेरम्बलूर में भारी बारिश से एक धारा टूट गई जिससे 100 एकड़ में लगी कपास और मक्का की खेती नष्ट हो गई। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हमनें रखरखाव की तैयारियां की थी लेकिन समय से पहले आई बारिश ने सारा आंकलन गलत साबित कर दिया।

### क्या होगा यदि स्थिति नहीं सुधरी तो

- वैश्विक स्तर पर होगा कपास का संकट, लगभग सभी देशों में कीमतें रहेंगी उच्च स्तर पर।
- माल कम होने की वजह से जिनर्स और स्पिनर्स के लिए फैक्टी और मिल चला पाना होगा मुश्किल।
- एक्सचैंज मार्केट पर सट्टेबाजारी कब्जा करने की करेंगे कोशिश, जिसके चलते कीमतें एक बार फिर पहुंचेंगी आसमान पर।
- आयात और निर्यात के आंकड़ों में आएंगी कमी।
- पूरी टेक्सटाइल इंडस्टी को उठाना पड़ेगा नुकसान।

### कैसे सुधर सकती है स्थिति

- सभी राज्यों में कृषि विभाग द्वारा फसल को रोगों से बचाने के लिए अभियान चलाए जाए और समय रहते किसानों को सतर्क किया जाए।
- फसल का सही सही आंकलन होना चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि किसान कपास को होल्ड करके उसकी कीमतें और ना बढ़ाएं।
- यदि किन्हीं कारणों से फसल अनुमान से कम होती है तो सरकार को कॉटन के एक्सपोर्ट को कम या बंद कर देना चाहिए ताकि देश की मिल्स की कपास की आवश्यकता पूरी हो सकें।
- यदि आवश्यक हो तो आयात को भी ड्यूटी फ्री किया जाए।

# जाहिर सूचना

## जॉब वर्क लीज निवेदन

कपास फसल वर्ष 2022-23 के लिए प्रोसेसिंग कार्य हेतु विदर्भ में 18 जम्बो डीआर प्रेसिंग यूनिट की मशीनरी द्वितीय समय के जॉब वर्क या लीज पर देना है। इच्छुक व्यक्ति अपनी नीविदा दिनांक 15.09.2022 तक नीचे दिए पते पर भेज सकते है।

**पता**- मैनेजर, उमरखेड तालुका शेतकारी सहकारी जिनिंग एंड प्रेसिंग सोसायटी लि. यवतमाल, विदर्भ, महाराष्ट्र
**पिन कोड**- 445206
ईमेल-
**मोबाइल** - 9423652283
**ईमेल**- aplajain@gmail.com

## जानिए टेक्सटाइल निवेशकों के लिए कैसा रहा यह सप्ताह

### *29 अगस्त से 03 सितंबर के मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर रिपोर्ट पर एक नजर*

यह सप्ताह टेक्सटाइल शेयर निवेशकों के लिए मिला-जुला कहा जा सकता है। बीते सात दिनों में टेक्सटाइल सेक्टर में कुछ कंपनीज के शेयर्स ने पॉजीटिव मार्केट केप लेकर दमदारी से अपनी जगह बनाए रखी तो कुछ कंपनीज के शेयर्स प्राइज निगेटिव भी हुए। जानिए बीएससी के मंच पर कैसा रही प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की परफॉर्मेंस-

| कंपनी | करंट प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हाई प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल | 327.65 | 316 | 339.6 | 3.69% |
| अरविंद लिमिटेड | 104.1 | 98.35 | 106.4 | 10.22% |
| वेल्सपन लिमिटेड | 74.35 | 74 | 77.95 | -1.13% |
| नितिन स्पिनर्स लिमिटेड | 221.1 | 204.5 | 228.5 | 5.31% |
| अक्षिता कॉटन लिमिटेड | 305.8 | 304.95 | 345.9 | -0.83% |
| रेमण्ड लिमिटेड | 975.6 | 941.4 | 999 | 2.10% |

## *जानिए कॉटन के लिए कैसा रहा अगस्त का महीना*

**SMART INFO SERVICES**
**CALL : 91119 77771 - 5**
**WEEKLY CHART 03.09.2022**

| ICE COTTON | | | |
|---|---|---|---|
| MONTH | 26.08.22 | 2.09.22 | WEEKLY CHANGE |
| DEC | 117.68 | 103.21 | -14.47 |
| MARCH | 114.37 | 100.14 | -14.23 |
| MAY | 111.16 | 97.79 | -13.37 |
| MCX (BALES) | | | |
| OCT | 39380 | 37610 | -1770 |
| NOV | 37200 | 35800 | -1400 |
| NCDEX (KAPAS) | | | |
| APRIL | 1752 | 1752 | 0 |
| NCDEX ( COCUD KHAL) | | | |
| SEP | 2793 | 2746 | -47 |
| DEC | 2414 | 2406 | -8 |
| JAN | 2420 | 2433 | 13 |
| CURRENCY ($) | | | |
| INDIAN (Rupee) | 79.87 | 79.8 | -0.07 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 220.649 | 219.299 | -1.35 |
| CNY (Chinese yuan) | 6.87151 | 6.89975 | 0.02824 |
| BRAZIL (Real) | 5.06776 | 5.1726 | 0.10484 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.45263 | 1.46779 | 0.01516 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.46799 | 4.46922 | 0.00123 |
| COTLOOK "A" INDEX | 132.25 | 126.6 | -5.65 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 131.27 | 127.55 | -3.72 |
| USDA SPOT RATE | 125.05 | 109.18 | -15.87 |
| MCX SPOT RATE | 47070 | 45380 | -1690 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 22500 | 22000 | -500 |

कॉटन की दुनिया में उतार-चढ़ाव का दौर खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। जुलाई में जहां कॉटन के भाव में थोड़ी कमी नजर आई वहीं अगस्त के पहले पखवाड़े में भाव में दोबारा तेजी देखने को मिली। दूसरे पखवाड़े में कीमतों में फिर से थोड़ी कमी आई। जबकि इस पूरे सप्ताह कॉटन भाव में खासी गिरावट देखने को मिली। आइए जानते है इस सप्ताह की स्थिति-

इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज मार्केट में इस सप्ताह भाव में गिरावट देखने को मिली। सप्ताहअंत में दिसंबर, मार्च और मई तीनों महीनों के कॉटन भाव क्रमशः 14.47, 14.23 और 13.37 अंक घटे।

एमसीएक्स पर अक्टूबर और नवंबर के लिए कॉटन बेल्स के भाव में क्रमशः 1770 और 1400 रुपए की गिरावट देखने को मिली। हालांकि एनसीडीएक्स पर कपास के भाव में कोई अंतर नहीं दिखा। खल के भाव में सितंबर महीने में 47 और दिसंबर महीने के सौदे के भाव में 8 रुपए की गिरावट हुई जबकि जनवरी के लिए 13 रुपए प्लस में देखे गए।

इंटरनेशनल एक्सचेंज मार्केट में भी कॉटन की दरों में कमी दर्ज की गई। सप्ताहअंत में कॉटलुक ए इंडेक्स पर 5.65, ब्राजील कॉटन इंडेक्स पर 3.72, यूएसडीए स्पॉट रेट पर 15.87, एमसीएक्स स्पॉट रेट पर 1690 और केसीए स्पॉट रेट पर 500 अंक का नकारात्मक अंतर रहा। इस सप्ताह गोल्ड, सिल्वर और क्रूड के भाव भी इस सप्ताह कम हुए। गोल्ड में 28.2, सिल्वर में 0.865 और क्रूड ऑयल में 5.72 अंक की कमी देखी गई।